# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

*ई मेल : exam@durguniversity.ac.in* *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*


क्रमांक 1851 / परीक्षा / सेमे. / 2024 दुर्ग, दिनांक 28.03.2024

## / / अधिसूचना / /

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में सेमेस्टर परीक्षा–2024 (मई–जून) के स्नातकोत्तर कक्षाओं (M.A., M.Sc., M.Sc./M.A. Home Science, M.Com., M.S.W., M.Lib., B.P.Ed., B.Ed. M.Ed.) के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (मुख्य / एटीकेटी / भूतपूर्व) एवं DCA, PGDCA, पी.जी. डिप्लोमा इन योगा एण्ड फिलोसॉफी–द्वितीय सेमेस्टर (मुख्य / एटीकेटी / भूतपूर्व), B.B.A. द्वितीय / चतुर्थ / षष्टम सेमेस्टर (मुख्य / एटीकेटी / भूतपूर्व) एवं LL.B. द्वितीय / चतुर्थ / षष्टम सेमेस्टर–मुख्य / एटीकेटी / भूतपूर्व एवं LL.B. प्रथम / तृतीय / पंचम सेमेस्टर–एटीकेटी), एल.एल.एम. द्वितीय / चतुर्थ सेमेस्टर–मुख्य / एटीकेटी / भूतपूर्व तथा एलएलएम प्रथम / तृतीय सेमेस्टर–एटीकेटी में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं के लिए ऑनलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.durguniversity.ac.in द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क (इंटरनेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / केडिट कार्ड के माध्यम से) जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

| क्र. | परीक्षा आवेदन | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन द्वारा संपूर्ण परीक्षा आवेदन भरने की तिथि | 01.04.2024 से 10.04.2024 |
| 02 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन द्वारा संपूर्ण परीक्षा आवेदन भरने की तिथि (विलंब शुल्क के रूप में अतिरिक्त राशि रू. 100 / – सहित) | 11.04.2024 से 15.04.2024 |
| 03 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन द्वारा संपूर्ण परीक्षा आवेदन भरने की तिथि (विलंब शुल्क के रूप में अतिरिक्त राशि रू. 200 / – सहित) | 16.04.2024 से 18.04.2024 |
| 04 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन द्वारा संपूर्ण परीक्षा आवेदन भरने की तिथि (विलंब शुल्क के रूप में अतिरिक्त राशि रू. 500 / – सहित) | 19.04.2024 से 22.04.2024 |
| 05 | उपरोक्त अंतिम तिथि उपरांत परीक्षा आवेदन करने पर 500 रूपये विलंब शुल्क के साथ प्रतिदिन राशि रू. 100 / – अतिरिक्त भुगतान करना होगा। | 23.04.2024 से 25.04.2024 |
| 06 | परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन भरे गए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालयों में जमा करने की अंतिम तिथि | 26.04.2024 तक |
| 07 | महाविद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों के जमा कराये गए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, **परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, गोसवारा, न्यूमेरिकल रिटर्न प्रपत्र, ऑनलाईन रोल लिस्ट, ऑनलाईन वैरिफाईड लिस्ट, परीक्षार्थियों की संख्यात्मक जानकारी (Student Count Summary)** के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करने की अंतिम तिथि | 29.04.2024 तक |
| 08 | संबंधित परीक्षा केन्द्रों द्वारा समस्त परीक्षा आवेदन फार्म विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 30.04.2024 तक |

टीपः–उपरोक्त कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाएं दिनांक 01 मई से 10 मई 2024 के मध्य आयोजित की जावेगी। जिसके संबंध में विस्तृत निर्देश पृथक से शीघ्र ही प्रेषित किए जायेंगे।

आवश्यक निर्देशः–

- द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षार्थी क्रमशः प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में प्रयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का प्रयोग कर लागईन कर परीक्षा फार्म भर सकेंगे।
- जिन छात्रों के परीक्षा परिणाम रोके गए / रूके हुए (WH) है, उन छात्रों के परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात परीक्षा आवेदन फार्म भर सकेंगे।

क्रमशः– 02 ......

- परीक्षा फार्म में होने वाली त्रुटियों का सुधार महाविद्यालय के आई.डी. के माध्यम से किए जाने का प्रावधान है। छात्र–छात्रा परीक्षा फार्म में होने वाली त्रुटियों का सुधार संबंधित महाविद्यालय से निःशुल्क करा सकते हैं। यदि त्रुटियों के सुधार हेतु छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय आते हैं तो उन्हें त्रुटि सुधार राशि रू. 120/– शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा।
- अध्यादेश क्रमांक 170 के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों की हार्ड कॉपी (समस्त संलग्नकों के साथ) परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक प्रेषित कर सहयोग प्रदान करना अपेक्षित है।
- यदि कोई परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरा है और निर्धारित तिथि तक यदि वह अपनी हार्ड कापी संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं करता है तो उसकी परीक्षा आवेदन करने की वैधता समाप्त हो जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई परीक्षा शुल्क की राशि भी वापस नहीं की जावेगी।
- समस्त संबंधित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे इस अधिसूचना में दिये गये निर्देशों की जानकारी अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करावें तथा समस्त संबंधित परीक्षार्थियों को इससे अवगत करावें ताकि उन्हें प्रक्रिया समझने में आसानी हो सके।
- **उपरोक्त निर्धारित अंतिम तिथि उपरांत परीक्षा आवेदन फार्म भरने के संबंध में किसी भी प्रकार के निवेदन को स्वीकार नहीं किया जायेगा।**
- **परीक्षार्थी विषय/प्रश्नपत्र के चयन में सावधानी रखें। प्रश्नपत्र के चयन में त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित परीक्षार्थी की होगी।**
- परीक्षा हेतु आवेदन करते समय आने वाली कठिनाईयों पर हेल्पलाईन नं. **07314850140, 07314850101 : 0 is Mandatory to make a Call** पर कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:30 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।
- **परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन भरने के पश्चात अपनी हार्डकापी संलग्नकों सहित संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे।**
- विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ही परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में शामिल होंगे, जिसके लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।
- **परीक्षार्थियों द्वारा अग्रेषण शुल्क की राशि रूपये 30/– पृथक से संबंधित महाविद्यालय में जमा करना होगा। जिसकी पावती परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषण शुल्क के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जायेगा।**
- **महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों से अग्रेषण शुल्क के रूप में लिए गये रू. 30/– में से रू. 15/–प्रति परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा आवेदन फार्म रोल लिस्ट/गोसवार/शुल्क सूची के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्रों में जमा करेंगे।**
- हार्डकापी जमा करने के समय किसी भी प्रकार के दस्तावेज की कमी पाये जाने पर आवेदन निरस्त हो जावेगा तथा फीस वापस नहीं होगी अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें कि सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न हो।
- महाविद्यालयों के प्राचार्य यह सुनिश्चित कर लेवें कि परीक्षार्थी के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करा दिये हैं। प्राचार्य की जिम्मेदारी है कि कृपया वे सूक्ष्मतापूर्वक परीक्षण करने के पश्चात निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा करें।

अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीपः–

1. पात्र परीक्षार्थियों की हार्ड कॉपी (समस्त संलग्नकों के साथ) परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक प्रेषित कर सहयोग प्रदान करना अपेक्षित है।

क्रमशः– 03 ......

2. परीक्षा शुल्क सूची / गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न) / नॉमिनल रोल प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.durguniversity.ac.in से डाउनलोड कर प्रयोग में लाया जाना है।
3. परीक्षार्थियों की पूर्व परीक्षाओं की अंकसूचियाँ (यदि अंकसूची अप्राप्त हो तो इंटरनेट से प्राप्त की गई अंकसूची) अनिवार्यतः संलग्न करवा कर ही आवेदन पत्र अग्रेषित किए जायें।
4. यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी के आवेदन पत्र की हार्डकॉपी को पात्रता न होने पर भी अग्रेषित कर दिया जाता है तथा विश्वविद्यालय द्वारा बाद में परीक्षण किए जाने पर परीक्षार्थी का आवेदन निरस्त किया जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व अग्रेषणकर्ता अधिकारी का होगा।
5. जिन परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र अग्रेषित किए जा रहे हैं, उनकी कक्षा में उपस्थिति **75%** होना अनिवार्य है। **75%** से कम तथा **60%** से अधिक उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र तभी अग्रेषित किए जाएं जब उनकी उपस्थिति परीक्षा के पूर्व **75%** हो जायेगी। **60%** से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र नियमानुसार अग्रेषित न किए जाएं।
6. जो परीक्षार्थी आतंरिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल नहीं हुए हों या सेमेस्टर के मध्य में अंतराल (गेप) हो उनके आवेदन अग्रेषित न किये जाए।
7. महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने लागइन आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर अपने महाविद्यालय के अन्तर्गत अध्ययनरत परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन को **Student Exam Form Verification** पर जाकर ऑनलाईन माध्यम से भी वेरिफाई करेंगे। परीक्षार्थियों के आवेदनों को ऑनलाईन वेरिफाई नहीं करने की स्थिति में उनका प्रवेश पत्र जारी नहीं हो पायेगा, अतः ऑनलाईन माध्यम से परीक्षा आवेदन को संबंधित महाविद्यालय द्वारा वेरिफाई करना अनिवार्य है। तत्पश्चात ही उनके परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करेंगे।
8. महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की कक्षावार सूची एवं परीक्षा आवेदन **Verification** किए गये परीक्षार्थियों की संख्यात्मक जानकारी परीक्षा केन्द्र में परीक्षा आवेदन जमा करते समय अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। संख्यात्मक **Summary** महाविद्यालय आई.डी. पर उपलब्ध है। यदि किसी कक्षा में भरे गये परीक्षा आवेदन **Verification** नहीं किया जाता है तो उक्त कक्षा के परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

## हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के नियमित छात्र–छात्राओं द्वारा भरे जाने वाले परीक्षा आवेदन पत्रों की कक्षा एवं शुल्क विवरणः–

| क्र. | कक्षाएं जिनके परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हैं | सेमेस्टर | परीक्षा शुल्क ( प्रति सेमेस्टर ) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | भूतपूर्व | ए.टी.के.टी. |
| 01 | बी.पी.एड. / बी.एड. | द्वितीय सेमेस्टर | 1190.00 | 1190.00 | 765.00 |
| | | चतुर्थ सेमेस्टर | 1190.00 | 1190.00 | 765.00 |
| 02 | बी.बी.ए. | द्वितीय सेमेस्टर | 1330.00 | 1330.00 | 825.00 |
| | | चतुर्थ सेमेस्टर | 1330.00 | 1330.00 | 825.00 |
| | | षष्टम सेमेस्टर | 1330.00 | 1330.00 | 825.00 |
| 03 | एम.लिब. एण्ड इन्फार्मेशन साईंस | द्वितीय सेमेस्टर | 1235.00 | 1235.00 | — |
| 04 | एम.ए. / एम.एस.सी. / एम.कॉम. / एम.ए.–एम.एस.सी. गृहविज्ञान | द्वितीय सेमेस्टर | 1075.00 | 1075.00 | 650.00 |
| | | चतुर्थ सेमेस्टर | 1075.00 | 1075.00 | 650.00 |
| 05 | केवल एम.ए.–भूगोल, राजनीतिविज्ञान, समाजशास्त्र, चतुर्थ सेमे.<br>एम.कॉम., चतुर्थ सेमे.<br>एम.एससी. भौतिकशास्त्र, चतुर्थ सेमे. हेतु | चतुर्थ सेमेस्टर (प्रोजेक्ट / फील्डवर्क हेतु रू. 240 सहित) | 1315.00 | 1315.00 | — |
| 06 | एम.एस.सी. कम्प्यूटर विज्ञान | द्वितीय सेमेस्टर | 1580.00 | 1580.00 | 650.00 |
| | | चतुर्थ सेमेस्टर (प्रोजेक्ट हेतु रू. 240 सहित) | 1820.00 | 1820.00 | — |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 07 | केवल<br>एम.एससी. बॉयोटेक्नालॉजी चतुर्थ सेमे.<br>एम.एससी. माइक्रोबायोलॉजी चतुर्थ सेमे. के ऐसे छात्र जो निम्न पात्रता रखते हों–<br>**atleast 65% or more marks in aggregrate in sem. I & II (Option for project work)** | केवल चतुर्थ सेमे. के ऐसे परीक्षार्थियों हेतु जिन्होंने प्रोजेक्ट वर्क/थीसिस का चयन किया है। (प्रोजेक्ट/थीसिस रू. 240 सहित) | 1315.00 | 1315.00 | — |
| 08 | एम.एस.डब्ल्यू. | द्वितीय सेमेस्टर | 1230.00 | 1230.00 | 805.00 |
| | | चतुर्थ सेमेस्टर (फील्डवर्क हेतु रू. 240 सहित) | 1470.00 | 1470.00 | — |
| 09 | एम.एससी. आई.टी. | द्वितीय सेमेस्टर | 1255.00 | 1255.00 | 830.00 |
| 10 | डी.सी.ए | द्वितीय सेमेस्टर | 1440.00 | 1440.00 | — |
| 11 | पी.जी.डी.सी.ए. | द्वितीय सेमेस्टर (प्रोजेक्ट हेतु रू. 240 सहित) | 1680.00 | 1680.00 | — |
| 12 | एलएल.बी. प्रथम वर्ष | द्वितीय सेमेस्टर | 1170.00 | 1170.00 | 885.00 |
| | एलएल.बी. द्वितीय वर्ष | द्वितीय सेमेस्टर | 1170.00 | 1170.00 | 885.00 |
| | एलएल.बी. तृतीय वर्ष | द्वितीय सेमेस्टर | 1170.00 | 1170.00 | 885.00 |
| | एलएलबी भाग–01, 02 एवं 03 | प्रथम सेमेस्टर (एटीकेटी) | — | — | 885.00 |
| 13 | एम.एड. | द्वितीय सेमेस्टर | 1535.00 | 1535.00 | 1110.00 |
| | | चतुर्थ सेमेस्टर (थीसिस हेतु रू. 360 सहित) | 1895.00 | 1895.00 | — |
| 14 | पी.जी. डिप्लोमा इन योगा एण्ड फिलोसॉफी | द्वितीय सेमेस्टर | 1230.00 | 1230.00 | — |
| 15 | एल.एल.एम. | प्रति सेमेस्टर | 1340.00 | — | 1110.00 |

## अग्रेषणकर्ता अधिकारी के कार्यालय हेतु

महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराई गई आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी (संलग्नकों सहित), **परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, गोसवारा, न्यूमेरिकल रिटर्न प्रपत्र, ऑनलाईन रोल लिस्ट, ऑनलाईन वैरिफाईड लिस्ट, परीक्षार्थियों की संख्यात्मक जानकारी (Student Count Summary)** के साथ **दिनांक 30.04.2024** तक विश्वविद्यालय में जमा की जानी है।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ.क्र. 1852/परीक्षा/सेमे./2024 दुर्ग, दिनांक : 28.03.2024

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
4. जिलाधीश, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई।
5. पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई।
6. वित्त अधिकारी/उ.कु.स. अकादमिक/स. कु. स्थापना/गोपनीय एवं संबंधित परीक्षा कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
7. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
8. प्राचार्य, संबंधित महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
9. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
10. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)